आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 27.07.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– 21वीं सदी के भारत में विज्ञान, नई ऊर्जा के साथ प्रगति कर रहा हैं
- आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने लोगों से देश में बने उत्पादों को खरीदने और बेचने का आग्रह कियां
- 76वां राज्य स्तरीय वन महोत्सव जयपुर में आयोजित– मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लोगों से एक पेड़ माँ के नाम लगाने की अपील कीं
- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर बारिश का दौर जारी– भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए कुछ जिलों के स्कूलों में अगले दो दिन का अवकाश घोषितं

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 21वीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा हैं आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में, उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी से देश गर्व से भर गयां प्रधानमंत्री ने कहा कि बच्चों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए शुरु किए गए इन्सपायर–मानक अभियान के तहत हर स्कूल से पांच बच्चे चुने जाते हैं और हर बच्चा एक नया आइडिया लेकर आता हैं श्री मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त की कि अब तक लाखों बच्चे इस अभियान से जुड़ चुके हैं

..................

प्रधानमंत्री ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यूनेस्को ने 12 किलों को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया हैं इनमें से 11 किले महाराष्ट्र में हैं और 1 किला तमिलनाडु में हैं उन्होंने राजस्थान के किलों का भी जिक्र कियां

....................

प्रधानमंत्री ने वोकल फॉर लोकल की बात करते हुए कहा कि 2047 के विकसित भारत का रास्ता आत्म–निर्भरता से होकर गुज़रता हैं आत्मनिर्भर भारत की नींव तभी मज़बूत होगी जब हम वही खरीदें और बेचें जिसे हम खुद बना रहे हैं उन्होंने कहा कि प्राचीन पांडुलिपियों में विज्ञान, चिकित्सा–पद्धति, संगीत और दर्शन के बारे में जानकारियां हैं ऐसे असाधारण ज्ञान और विरासत को सहेजना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी हैं श्री मोदी ने कहा कि इससे प्रेरित होकर इस वर्ष बजट में ज्ञान भारतम् मिशन की घोषणा की गई हैं

....................

प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि भारत ने अमरीका में हुए वर्ल्ड पुलिस और फायर गेम्स में लगभग छह सौ पदक जीतकर इतिहास रचा हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अब एक जन

आंदोलन बन गया हैं इस वर्ष के स्वच्छ सर्वेक्षण में साढ़े चार हजार से ज्यादा शहर और कस्बे जुड़े हैं प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाली तीज के साथ ही आने वाले पर्वों की देशवासियों को शुभकामनाएं दीं
प्रदेश में भी मन की बात कार्यक्रम को लेकर लोगों में विशेष उत्साह नजर आयां मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अपने आवास पर मन की बात कार्यक्रम को सुनां भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने जयपुर में घुमन्तू जाति समूह के साथ कार्यक्रम को सुनां

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि लोकतंत्र को जीवित रखने में लोकतंत्र सेनानियों का अहम योगदान रहा हैं वे आज झुंझुनूं में बृज स्मृति प्रन्यास की ओर से आयोजित 'माधव सेवा सम्मान–2025' समारोह में लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित कर रहे थें उन्होंने कहा कि झुंझुनूं जिले की धरती वीरों और शहीदों की धरती हैं यहां हर गांव में वीर और शहीद मिलेंगे, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने में संकोच नहीं कियां श्री बागडे ने कार्यक्रम के बाद पौधारोपण भी कियां कार्यक्रम सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत और पूर्व सांसद डॉ. महेश चन्द शर्मा सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहें

000

पूर्व राष्ट्रपति और प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉक्टर ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा हैं उन्हें मिसाइल मैन के तौर पर भी जाना जाता हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डॉ. कलाम असाधारण वैज्ञानिक, प्रेरक व्यक्तित्व और महान देशभक्त थें मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने डॉ. कलाम को श्रद्धाजंलि दीं इस अवसर पर जयपुर में भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से विचार संगोष्ठी आयोजित की गईं संगोष्ठी में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ मौजूद रहें इस दौरान वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण में कलाम के योगदान की सराहना कीं सवाईमाधोपुर में भी कलाम की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धाजंलि सभाओं का आयोजन किया गयां

000

76वां राज्य स्तरीय वन महोत्सव आज जयपुर में आयोजित किया गयां जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित महोत्सव में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने शिरकत कीं उन्होंने इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत सिंदूर का पौधा लगाया और ड्रोन के माध्यम से बीजारोपण कियां इस अवसर पर श्री शर्मा ने प्रदेश को खुशहाल बनाने के लिए सभी से एक पेड माँ के नाम जरूर लगाने की अपील कीं

....................

मुख्यमंत्री ने महोत्सव में वन्यजीव संरक्षण और सुरक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को "अमृता देवी विश्नोई स्मृति पुरस्कार देकर सम्मानित कियां इसके बाद श्री शर्मा ने सीकर जिले के मण्डावरा गांव में वृक्षा रोपण कार्यक्रम में शामिल हुएं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वन मंत्री संजय शर्मा ने बताया कि राज्य में इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया जिनमें से अब तक साढे पांच करोड़ पौधे लगाये जा चुके हैं

..........................

हरियालो राजस्थान अभियान के तहत राज्य के विभिन्न जिलों में भी प्रभारी मंत्रियों ने पौध रोपण कार्यक्रमों में भाग लियां कोटपूतली–बहरोड़ जिले के नीमराणा में केन्द्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने वन महोत्सव में शिरकत कीं उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दियां अजमेर में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ कियां

0000

प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्धता से प्रयास किये जा रहे हैं टीबी मुक्त राजस्थान के संकल्प को साकार करने के लिए आज से नि–क्षय पोषण किट वितरण अभियान शुरू किया गयां 31 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान के तहत जन सहयोग से टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जायेगां इस अभियान को जन आन्दोलन का रूप दिया जा रहा हैं सवाईमाधोपुर जिले में प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक ने निक्षय किट वितरण अभियान का शुभारम्भ कियां अभियान के तहत बांसवाड़ा जिले में आज 203 टीबी रोगियों को पोषण किट वितरिते की गई वहीं अभियान के तहत जिले में 800 पोषण किटों का वितरण किया जाएगां

000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर आज भी बारिश का दौर जारी रहां पाली जिले में कई स्थानों पर जोरदार बारिश हुई धौलपुर जिले में हो रही बारिश से सरमथुरा के आंगई बांध में पानी की तेज आवक हो रही हैं बांध के छह गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही हैं सिरोही जिले में भी माउंटआबू सहित विभिन्न स्थानों पर तेज बारिश हुई बांसवाड़ा जिले में भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए जिला प्रशासन ने कल और परसों दो दिन आंगनबाड़ी केन्द्रों और 1 से 12वीं कक्षा तक के सरकारी तथा गैर सरकारी स्कूलों में अवकाश घोषित किया हैं बारां भीलवाड़ा और डूंगरपुर जिलों में भी भारी बारिश आशंका के मद्देनजर स्कूलों में दो दिन का अवकाश घोषित किया गया हैं विभाग ने कल भरतपुर, कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी और कहीं–कहीं बहुत भारी बारिश होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया हैं विभाग के अनुसार जयपुर, अजमेर और जोधपुर संभाग में भी कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती हैं

मौसम विभाग ने आमजन से वर्षा के समय जलभराव क्षेत्र में लगे बिजली के खम्भों से दूरी बनाकर रखने और सावधानी से वाहन चलाने का परामर्श दिया हैं

000

आस्था और उमंग का पर्व हरियाली तीज आज परम्परागत रूप से मनाया जा रहा हैं इसे श्रावणी तीज भी कहा जाता हैं इस दिन महिलाएं शिव पार्वती का पूजन कर सुख समृद्धि की कामना करती हैं हरियाली तीज के अवसर पर मंदिरों में विशेष झांकियां सजायी गयी हैं करौली में मदन मोहन मंदिर में श्रावणी तीज के मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड देखी जा रही हैं

000